आइआइएम रांची का 11वां दीक्षांत समारोह 22 को

रांची. आइआइएम रांची का 11वां दीक्षांत समारोह 22 अप्रैल को होगा. कार्यक्रम नयासराय रोड स्थित कैंपस के स्वामी विवेकानंद सभागार में शाम 05:45 बजे से शुरू होगा. इसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे. वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लैकस्टोन इपीएल लि के एमडी सह ग्लोबल सीइओ आनंद कृपालु पहुंचेंगे. 11वें दीक्षांत समारोह में सत्र 2020-22 के विभिन्न कोर्स के कुल 352 विद्यार्थियों के बीच डिग्रियां बांटी जायेंगी. इसमें एमबीए के 254, एमबीए-एचआरएम के 72, एग्जीक्यूटिव एमबीए के 23, पीएचडी के एक और एग्जीक्यूटिव पीएचडी के दो अभ्यर्थियों के बीच डिग्रियां बांटी जायेंगी.

Prabhat Khabar,19.04.2023, Pg. 07